तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों की भर्ती चयन परीक्षा-2022 के संबंध में

(परीक्षा केवल म.प्र. के मूल निवासी के लिए)

आवेदन पत्र भरने की तिथि : 01 नवम्बर 2022 से 15 नवम्बर 2022 तक

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 01 नवम्बर 2022 से 20 नवम्बर 2022 तक

परीक्षा दिनॉंक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय	उत्तर अंकित का समय
16-12-2022 शनिवार से प्रारंभ	प्रथम	प्रातः 07:00 से प्रातः 08:00 बजे तक	प्रातः 08 :50 से प्रातः 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से दोपहर 11:00 बजे तक (2:00 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:00 से दोपहर 1:00 बजे तक	दोपहर 01:50 से दोपहर 02:00 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 02:00 से शाम 4:00 बजे तक (2:00 घंटे)

परीक्षा शहर :- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रतलाम, सागर

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा की विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमो / जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे|
2. वेबसाईट www.peb.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है |
3. परीक्षा शुल्क

अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रू 500/-(प्रति प्रश्न पत्र)
अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग /दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों के लिए)	रू 250/- (प्रति प्रश्न पत्र)
ऑनलाइन आवेदन -कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क	रू 60/-
अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क	रू 20/-
सीधी भर्ती - बैकलॉग	कोई शुल्क नहीं

विशेष निर्देश :

1. अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है |
2. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है |
3. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा| मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है| यू.आई.डी.ए.आई.(UIDAI) के द्वारा सत्यापित(verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा| मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा |
4. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई –आधार कार्ड की छायाप्रति / आधार नंबर/ आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है|
5. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है| अतः जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनाक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें |
6. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी| इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी |
7. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है |
8. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं| अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी |
9. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है |
10. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नही होगी |
11. आवेदन–पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नही किया जाकर नियुक्त प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है| अतः कंप्यूटर आधारित Online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी |
12. उपरोक्त सभी पदों के लिये अभ्यर्थी का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा |
13. मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिए अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुये हार्डकॉपी में निर्धारित आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि तक मण्डल को न भेजते हुये सीधे संबंधित विभाग को पृथक-पृथक पद अनुसार पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित करना होगा| मण्डल को प्रेषित आवेदन पत्र अमान्य माना जायेगा |
14. कोविड -19 महामारी के परिपेक्ष्य में शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा |

विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली /शहरो /केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है|

विज्ञापन क्र. 27 / 2022

संचालक

म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

"चयन भवन " मेन रोड नं .1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011 फोन नं. : +91-0755-2578801-02,
FAX : +91-0755-2550498, website : www.peb.mp.gov.in